आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नए साल पर अपने निजी आवास पर लगे सभी बिजली मीटरों पर मिलने वाली सब्सिडी छोड़ने की घोषणा की है। उन्होंने इस संबंध में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के अध्यक्ष संजय गुप्ता को एक फार्म भर कर सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके नाम पर पांच बिजली के मीटर हैं और वह सब्सिडी छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसे कई सुविधा संपन्न लोग हैं जिनके नाम पर कई मीटर हैं। उन्होंने सभी को स्वेच्छा से बिजली की सब्सिडी छोड़ने की अपील की।

गणतंत्र दिवस–टिकट

गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट के लिए टिकटों की बिक्री आज से शुरू हो रही है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि टिकट सेना भवन, शास्त्री भवन, जंतर–मंतर, प्रगति मैदान और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से मूल फोटो पहचान पत्र दिखाकर खरीदी जा सकती हैं। सीधे वेबसाइट आमंत्रण डॉट एमओडी डॉट जीओवी डॉट आईएन और आमंत्रण मोबाइल ऐप से भी टिकट खरीदी जा सकती है। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड के लिए टिकटों की कीमत 20 रुपये और 100 रूपये तथा बीटिंग रिट्रीट के लिये 100 रुपये और बीटिंग रिट्रीट रिहर्सल के लिये 20 रुपये होगी।

हिम महोत्सव

दिल्ली के आई.एन.ए. स्थित प्रसिद्व दिल्ली हाट में 15 जनवरी तक चलने वाले दूसरे हिम–महोत्सव का राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी आज विधिवत शुभारंभ करेंगे। महोत्सव में लोगों को हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों के साथ साथ कला–संस्कृति को करीब से जानने का मौका मिलेगा। महोत्सव में प्रदेश के सभी 12 जिलों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के अलावा कांगड़ा पेंटिंग और चंबा रूमाल समेत तमाम विख्यात कला एवं शिल्प कला से लोगों को रूबरू करवाया जाएगा। हिम महोत्सव में हिमाचल के शिल्प, हथकरघा और व्यंजनों के 60 स्टॉल लगाए जा रहे है। हिम महोत्सव के माध्यम से हिमाचल के परिधान, संस्कृति, शिल्प और व्यंजनों को प्रदर्शित किया जाएगा।

भुंडा महायज्ञ

शिमला जिला के रोहडू उपमंडल के दलगांव में देवता बकरालू महाराज के मंदिर में 39 साल बाद आज से भुंडा महायज्ञ शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कल इस महायज्ञ में शामिल होंगे। चार दिन तक चलने वाले इस अनुष्ठान में लगभग एक लाख से अधिक लोगों के आने की

संभावना है। इसे लेकर प्रशासन और मंदिर कमेटी द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विस्तृत जानकारी हमारे संवाददाता से।

कुल्लू महोत्सव

जिला कुल्लू के ढालपुर में आज से लेकर 6 जनवरी तक फिर से कुल्लू महोत्सव का आयोजन शुरू हो रहा है। इसके अलावा माल रोड में लगी दुकान 10 जनवरी तक सजी रहेगी। नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण ने जानकारी दी है कि इससे पहले ढालपुर में कल्लू महोत्सव मनाया जा रहा था। लेकिन राष्ट्रीय शोक के चलते से इसे रद्द करना पड़ा। ऐसे में अब इस महोत्सव का आयोजन फिर से किया जा रहा है। जिसमें लोगों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि पहले से तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार ही कुल्लू कार्निवल में सभी कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

अग्निकांड

कुल्लू जिले में बंजार उपमंडल के तांदी गांव में कल हुए भीषण अग्निकांड में गांव के करीब 17 काष्ठकुणी शैली के मकान जलकर राख हो गए हैं। इसमें 6 गौशालाएं ,देवता का एक भंडार भी जल गया है। 15 से अधिक परिवार इस आपदा में प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए हैं जिन्होंने अपनी संपत्ति व घर खोए हैं। हालांकि आग से किसी भी तरह के जान का नुकसान का समाचार नहीं है इस घटना में लगभग 10 करोड़ रूपए की संपत्ति के जल जाने का अनुमान लगाया गया है। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर प्रभावितों को फौरी राहत दी व् प्रभावितो को कम्बल, तिरपाल इत्यादि भी दिए गए, वहीं बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने सरकार से प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरुआत खिली धूप के साथ हुई है पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में मौसम साफ़ रहने से दिनके समय लोगों को कड़ाके की ठण्ड से निजात मिली है हालाँकि सुबह शाम अभी भी ठण्ड का दौर जारी है मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 4जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते आगामी 6 जनवरी तक उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात और अन्य भागों में वर्षा की सम्भावना है।